## राजधानी में सरहुल की धूम, प्रकृति पर्व पर निकली भव्य शोभायात्रा, हजारों की संख्या में शामिल हुए लोग

# आदिवासियों ने पर्यावरण सरंक्षण का दिया संदेश

आदिवासी परंपरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रकृति पर्व सरहुल को लेकर राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में उत्साह चरम पर रहा। राजधानी में पूजा अर्चना के बाद शोभा यात्रा में महिला, पुरुष के साथ बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल थे। राजधानी की सड़कों पर हजारों की संख्या में सरहुल जुलूस में आए लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण को लेकर सजग रहने वाला जनजातीय समुदाय आज भी इसको लेकर कितना गंभीर है। शोभायात्रा के माध्यम से आदिवासी समाज ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जुलूस में आए हरमू के नवीन सरना कॉलेज छात्रावास के छात्रों ने सांकेतिक रूप से जंगल में रहने वाली जनजातियों की वेशभूषा की झांकी प्रदर्शित कर जंगल बचाने की अपील की। झांकी के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया गया था कि आदिवासी परंपरा के अनुसार लोग जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए अपने स्तर से प्रयास करें। साथ ही इनका कहना है कि हमारे पुरखों ने जिस परंपरा की शुरूआत की, उसे आगे भी हर हाल में बनाए रखना जरूरी है।

### आकर्षक झांकियों के साथ हजारों लोग शोभायात्रा में हुए शामिल

सरहुल शोभा यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। इस दौरान आदिवासी परिधान में सजे महिला पुरुष अपनी-अपनी टोली के साथ पारंपरिक गीतों पर जमकर झूमते-नाचते रहे। सरहुल शोभायात्रा में पेड़ पौधा को बचाने के लिए निकाली गई झांकी आकर्षण का केंद्र रही। झारखंड सरकार में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी यात्रा में शामिल हुईं और सरहुल के पारंपरिक गीतों पर झूमती दिखीं।

झांकी में एदलहातू सरना समिति के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के साथ जनजातियों के बड़े चेहरे स्व. कार्तिक उरांव, जयपाल सिंह मुंडा और रामदयाल मुंडा की मूर्ति विशेष रूप से प्रदर्शित की गई थी। वहीं सरना स्थल को बचाने और आदिवासी परंपरा को जीवित रखने का संदेश देने की भी कोशिश की गई थी। इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि प्रकृति को संरक्षित करने के लिए लोगों की यह भीड़ बताने के लिए काफी है कि हम कितने सजग हैं।



# उमड़ा जनसैलाब, थिरकते रहे लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** प्रकृति पर्व सरहुल के उल्लास में मंगलवार को शहर में जनसैलाब उमड़ा। लोकगीतों पर सरना समाज के लोग नाचते-गाते झूमते रहे। शाम छह बजे तक मेन रोड पारंपरिक सरहुल गीतों पर मांदर की थाप एवं नगाड़े की धुन पर थिरक रहे युवक-युवतियां, बच्चे और बूढ़े से पट गया। सड़क के दोनों छोर पर खड़े लोगों को झारखंडी कला-संस्कृति की खुशबू रिझा रही थी। मुख्य जुलूस हातमा में केंद्रीय सरना पूजा समिति द्वारा दोपहर में निकाला गया। यहां से मुख्य शोभायात्रा मेन रोड, क्लब रोड होते हुए सिरमटोली स्थित सरना स्थल पहुंची। यहां पर पाहन द्वारा विधानपूर्वक पूजा-अर्चना एवं लोक कल्याण की मंगल कामना की गई। जुलूस संयमित और अनुशासित तरीके से देर शाम तक सरना स्थल पर पहुंचते रहे।

**पहले जुलूस का पाहन ने की अगुवानी** : सुजाता चौक पर जब चार बजे पहला जुलूस पहुंचा तो पाहन ने परिछन कर अगुवानी की। पारंपरिक स्वागत के बाद जुलूस केंद्रीय सरना स्थल तक पहुंचने लगे। मुख्य शोभायात्रा में विभिन्न भागों के सांस्कृतिक दलों ने नृत्य, संगीत और कला के आधुनिक और पारंपरिक रंग प्रस्तुत किए। रांची जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से शोभायात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस-प्रशासन के वरीय अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था पर स्वयं नजर रखे हुए थे।

# सरहुल में नगर निगम ने किया विशेष इंतजाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरहुल पर्व के मद्देनजर जिला प्रशासन और नगर निगम पूरी तरह मुस्तैद था। शहर के विभिन्न हिस्सों में सफाई अभियान तेजी से चलाया गया, जिसमें हर रास्ते को साफ-सुथरा करने की कोशिश दिखी। कई जगहों पर ब्लीचिंग पाउडर और चूने का भी छिड़काव किया गया था। जहां-जहां से शोभायात्रा गुजरने की थी, वहां वहा सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। नगर निगम ने जगह-जगह पर पानी टैंकर भी लगाये थे। ताकि शोभा यात्रा में शामिल होने वाले भक्तों और नागरिकों को किसी तरह की पानी की समस्या न हो। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रशासन भी अलग-अलग स्थलों पर तैनात थी। मेन रोड और सिरमटोली जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी थी। ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

इसके अलावा मेडिकल सुविधाएं भी उपलब्ध करायी गयी थी। सदर अस्पताल के अलावा अन्य जगहों पर भी चिकित्सा शिविर लगाये गये थे। जिसमें फर्स्ट एड की सुविधा उपलब्ध थी। किसी भी असाधारण परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार दिखा।

## खबर एक नजर में

### सरहुल शोभा यात्रा का किया गया स्वागत



**रांची।** राजधानी के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने मंगलवार को राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में सरहुल शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल सभी क्षेत्र के सरना धर्म गुरु को राजीव रंजन मिश्रा, राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह एवं श्री महावीर मंडल के उपाध्यक्ष राहुल सिन्हा चंकी की ओर से माला और गमछा पहना कर स्वागत किया। स्वागत शिविर में इन्दर सिंह, रंजीत चौरसिया, रंजीत उरांव, अविनाश आनंद, विशाल मिश्रा, गोपाल पारीक, रमेश केडिया शामिल थे।

### पिस्का मोड़ रामनवमी पूजा समिति ने लगाया शिविर



**रांची।** सरहुल पर्व के अवसर पर मंगलवार को पिस्का मोड़ रामनवमी पूजा समिति, राजेन्द्र चौक की ओर से स्वागत शिविर आयोजन किया गया। शिविर में श्रद्धालुओं को अंगवस्त्र एवं पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। साथ ही उनके बीच चना शर्बत आदि वितरण किया गया। स्वागत शिविर में समिति के मुख्य संरक्षक शैलेश्वर दयाल सिंह, अध्यक्ष मनमोहन पांडे, कार्यकारी अध्यक्ष विजय पांडे, संयोजक शशि सिंह सहित समाजसेवी शिव किशोर शर्मा, अमृतेश पाठक, धर्मेंद्र पाठक, विक्की तिवारी, अरविंद तिवारी शामिल रहे।

### विद्यापति स्मारक समिति ने लगाया सेवा शिविर

**रांची।** प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर विद्यापति स्मारक समिति की ओर से कचहरी चौक पर सेवा शिविर लगाया गया। शोभायात्रा में शामिल लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यापति स्मारक समिति ने पूरे झारखंड वासियों को सरहुल की शुभकामनाएं दी है। समिति के अध्यक्ष बच्चा राम झा ने कहा कि हम सभी लोगों को मिल जुलकर आपसी सौहार्द्र और एकजुटता के साथ इन परम्पराओं को आगे बढ़ाने की जरूरत है। मौके पर श्रीराम मिश्र, बी के झा, अमरेंद्र मोहन झा, दिलीप झा, श्रेष्ठ नारायण झा, कमलाकांत झा, निर्भयकांत झा, सतीश चंद्र झा, रंजीत लाल दास, शिवराम मिश्र, प्रवीण मिश्रा, संतोष झा, संजीव कुमार, मृत्युजय झा आदि मौजूद थे।

### पाहनों का किया गया सम्मान




**रांची।** श्री महावीर मंडल स्वागत समिति, हरमू रोड की ओर से सरहुल पर निकाली गयी शोभायात्रा में पाहनों का अभिनंदन स्वागत किया गया। समिति के संयोजक भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रेम वर्मा व अध्यक्ष मुकेश मुक्ता ने सरना पाहनों को अंगवस्त्र माला अबीर गुलाल भेंट कर अभिनंदन व स्वागत किया। मौके पर अनिल माथुर, विजय महतो, रामू सोनी, पप्पू वर्मा, रवि प्रकाश, संजय लाल गुप्ता, प्रतीक वर्मा, संजय गुप्ता, सतीश गुप्ता, सचिदानंद सोनी, मंटू साव, प्रणिक वर्मा, रोहित सोनी, सौरभ वर्मा, संजय शर्मा, आदित्य वर्मा, बिल्लू वर्मा, सौरभ सिंह, ऋषि वर्मा, रोहित वर्मा, गुड्डू झा, लालू अग्रवाल, राहुल वर्मा, विक्की वर्मा, शिवम तंबोली, कृत वर्मा, सोनू ठठेरा, अंकित सिंह, कृष्णा चौधरी, अमन वर्मा मिळू, साहिल सिंह, मयंक वर्मा आदि उपस्थित थे।

### सरहुल प्रकृति के प्रति आस्था और सम्मान : दूबे



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर कहा कि यह पर्व प्रकृति और परंपरा के प्रति हमारी आस्था और सम्मान का प्रतीक है। शोभायात्रा जुलूस का आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में डोरंडा 56 सेट चौक में भव्य स्वागत किया गया। शोभा यात्रा जुलूस में शामिल समाजसेवी सुनील फकीरा कच्छप, कुमारी मार्ग्रेट,लक्ष्मण उरांव संजय मिंस, अनीता खलखो को अंगवस्त्र देकर विशेष रूप से सम्मानित किया। स्वागत कार्यक्रम में श्री महावीर मंडल छप्पन सेट डोरंडा, रामनवमी श्रृंगार समिति, सेन्ट्रल मोहर्रम कमिटी, रांची महानगर काली पूजा समिति के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर गौतम कुमार दूबे, कपिलदेव सिंह, रीतेश सिंह, संजीत यादव, अभिषेक साहू, विशाल सिंह, सुदेश यादव, नवनीत कुमार, महेंद्र प्रसाद, अनिकेत कुमार आदि थे।

# सरहुल शोभायात्रा का कई संगठनों ने किया स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में अलबर्ट एक्का चौक में शोभा यात्रा का विहंगम नजारा दिखा। नगाड़ों और मांदर की थाप लोग जमकर थिरके। शोभा यात्रा के स्वागत के लिये महावीर मंडल, पंजाबी हिंदी बिरादरी, वनवासी कल्याण केन्द्र, चन्द्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति, महाराजा मदरा मुंडा स्मारक समिति सहित कई संगठनों शिविर लगाया।

# शोभायात्रा में मुस्तैद दिखी पुलिस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी रांची में मंगलवार को प्रकृति पर्व सरहुल की धूम रही। दोपहर से जैसे ही सरहुल की शोभायात्रा विभिन्न क्षेत्रों से निकलनी शुरू हुई पुलिस अलर्ट हो गई। सरहुल की शोभायात्रा रूट पर महिला और पुरुष पुलिस जवान सजगता के साथ ड्यूटी करते नजर आए।

**सुरक्षा को लेकर सतर्क दिखी पुलिस** : सरहुल की शोभायात्रा को लेकर रांची पुलिस के द्वारा सुरक्षा को लेकर कड़े बंदोबस्त किए गए थे। एक तरफ जहां फील्ड में महिला और पुरुष पुलिसकर्मी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करते नजर आ रहे थे। वहीं डीआईजी सह रांची एसएसपी चदंन कुमार सिन्हा कभी कंट्रोल रूम से, कभी स्वयं फील्ड में जाकर और कभी वायरलेस से पूरे शहर की जानकारी ले रहे थे।

**एक हजार अतिरिक्त जवान तैनात**

सरहुल की शोभायात्रा को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर रांची में दो हजार अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की गई थी। इसमें झारखंड जगुआर, महिला पुलिस, रैफ, आईआरबी के जवान भी शामिल थे। दूसरी तरफ शोभायात्रा के दौरान मेन रोड में यात्री समेत अन्य सभी तरह के वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई थी।

डीआईजी सह रांची एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने पूर्व से ही डीएसपी और थानेदारों को अपने-अपने क्षेत्र में सुबह से ही तैनात रहने का निर्देश दिया था। शोभा यात्रा के दौरान कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग तो की ही जा रही थी, साथ ही प्रमुख स्थलों पर ड्रोन से भी निगरानी की जा रही थी। कंट्रोल रूम में सभी पुलिसकर्मियों को यह सख्त निर्देश दिया गया था कि अगर कहीं भी कोई सूचना मिलती है तो तुरंत इसकी सूचना संबंधित इलाके के डीएसपी और थानेदार को दें।

# कांके रोड सरना समिति ने शोभायात्रा का किया स्वागत



**रांची।** कांके रोड सरना समिति द्वारा सरहुल शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कांके रोड श्री राम मंदिर के समीप सेवा शिविर लगाया गया। इस अवसर पर गोंन्दा थाना प्रभारी अभय कुमार सिंह, सरना समिति के अध्यक्ष डब्लू मुंडा, शशि मुंडा, संजय सर्राफ, सोनू खालखो, टिपू मुंडा, योगेश भगत, रंजीत पाहन, लखन मुंडा विकास तिर्की, पोंकल पहान, प्रकाश टोप्पो, राजेश लकड़ा, सतीश खलखो आदि थे।

# केंद्रीय समिति श्री महावीर मंडल ने शोभायात्रा का किया भव्य स्वागत



**रांची।** केंद्रीय समिति श्री महावीर मंडल ने सरहुल शोभायात्रा में शामिल सभी लोगों का अभिनंदन स्वागत किया गया। इस अवसर पर चना व पानी सहित बुंदिया का भी वितरण किया गया। श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के स्वागत मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन का स्वागत किया गया।

# वसंत के मौसम में खुशियों के पैगाम का प्रतीक है सरहुल: डॉ टीके शांडिल्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय कैंपस में मंगलवार को सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के विभिन्न जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभागों के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन किया गया। मौके पर प्रकृति पर्व सरहुल का आयोजन पूरे विधि विधान और नृत्य संगीत के साथ किया गया। इस अवसर विशिष्ट अतिथिगणों में झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ टीएन साहू, पूर्व कुलपति डॉ सत्यनारायण मुंडा, पूर्व कार्यकारी कुलपति डॉ यूसी मेहता, पद्मश्री मुकुंद नायक और पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख और डॉ सर्वोत्तम कुमार विशेष तौर पर उपस्थित थे।

**सरहुल झारखंड का सबसे बड़ा नृत्य उत्सव** : कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि सरहुल झारखंड का सबसे बड़ा नृत्य उत्सव है। यह कहा जाता कि यहां चलना, नृत्य व बोलना ही गीत संगीत का परिचायक है। उन्होंने आगे कहा कि सरहुल पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा में शामिल सभी आयु वर्ग के लोग एक लय और ताल में नृत्य और एकता का संदेश देते हैं। कुलपति डॉ तपन कुमार ने कहा कि सरहुल में साल या सखुआ वृक्ष पर फूल चढ़ाए जाते हैं। यह वृक्ष सहजीवी संबंध का जीवंत उदाहरण है। यह ने केवल जीवन देता है, बल्कि जीवन बचाता भी है।

**सामूहिकता और वृक्षों के संरक्षण पर जोर देता है सरहुल** : उन्होंने कहा कि समग्र तौर पर अगर कहा जाए तो सरहुल पर्व सामूहिकता और वृक्षों के संरक्षण पर जोर देता है। मौके पर डॉ विनोद कुमार, पूर्व कुलपति डॉ सत्यनारायण मुंडा, डॉ जय किशोर मंगल, डॉ डुमनी माई मुर्मू, डॉ राजेश कुमार सिंह और विद्यार्थियों की मौजूदगी रही।

# रीमिक्स फॉल में नहाने के दौरान डूबने से रांची के दो छात्रों की मौत

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची/खूंटी।** प्रसिद्ध रीमिक्स फॉल में मंगलवार को डूबने से रांची जिले के दो छात्रों की मौत हो गई है। दोनों छात्र अपने 10 दोस्तों के साथ रीमिक्स फॉल घूमने आए थे। नहाने के लिए वे झरने के पास गए थे, जहां गहरे पानी में चले जाने के कारण दो छात्रों की डूबकर मौत हो गई। मृतकों की पहचान रांची जिला के खेलगांव के महुआ टोली निवासी महेंद्र तिर्की के 15 वर्षीय पुत्र रोलेन तिर्की और सुशील सांगा के 15 वर्षीय पुत्र जेम्स सांगा के रूप में की गई है। घटना की पुष्टि खूंटी डीएसपी वरुण रजक ने की है।

**दोस्तों संग रीमिक्स फॉल घूमने आए थे दोनों छात्र :** डीएसपी ने बताया कि रांची जिले के आदर्श नगर, कोकर, गाड़ीगांव से लगभग 10 किशोर बाइक पर सवार होकर रीमिक्स वाटर फॉल पहुंचे थे। सभी किशोर फॉल में नहा रहे थे। इसी दौरान दो किशोर गहरे पानी में चले गए और डूब गए। फॉल में नहा रहे अन्य दोस्तों ने स्थानीय लोगों को आवाज दी। इसके बाद आसपास के लोग जुटे और दोनों को ढूंढने का काफी प्रयास किया, लेकिन दोनों का कुछ पता नहीं चल सका।

**गोताखोरों की मदद से निकाले गए शव :** इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना मारंगहादा पुलिस को दी। सूचना के लगभग पौने घंटे बाद पुलिस पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों एवं गोताखोरों की मदद से फॉल में डूबे दोनों किशोर के शवों को बाहर निकाला गया। वहीं सूचना पर मृतकों के परिजन घटनास्थल पहुंचे। शवों को देखकर परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मैट्रिक की परीक्षा पास होने की खुशी में सभी दोस्त रीमिक्स फॉल मस्ती करने पहुंचे थे। इस क्रम में झरने में नहाने के दौरान दो किशोर की मौत हो गई। इधर, पुलिस ने शवों को फॉल से निकालने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। बुधवार को शवों का पोस्टमार्टम होगा।

**डीएसपी ने की सतर्कता बरतने की अपील :** घटना के संबंध में डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि दोपहर को मारंगहादा थानेदार और ग्रामीणों से उन्हें सूचना मिली थी कि रीमिक्स फॉल में दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई है। सूचना पर थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और शवों को बाहर निकाला। उन्होंने लोगों से अपील की है कि रीमिक्स फॉल जाने वाले लोग झरने के पास न जाएं। साथ ही जिस स्थान पर लाल घेरा लगाया गया है, वहां जाने से बचें। फॉल में गहरे पानी के अलावा जहां-तहां चप्पान होने के कारण लोग फंस जाते हैं और हादसे का शिकार हो रहे हैं।

### 28 मार्च को भी दो छात्रों को हुई थी मौत

गौरतलब है कि 28 मार्च को भी रांची के कोकर स्थित अयोध्यापुरी के रहने वाले शुभम कुमार सिंह और राज कुमार सिंह की मौत रीमिक्स फॉल में नहाने के दौरान हो गई थी। दोनों सगे भाई थे और अपने दोस्तों के साथ रीमिक्स फॉल पहुंचे थे।

## स्नातक युवाओं के लिए बैंकिंग एसएससी के लिए एनआइबीएम में नया बैच शुरू




**रांची।** स्नातक युवाओं के लिए बैंकिंग एसएससी के लिए एनआईबीएम में नई बैच की शुरूआत मंगलवार को हुई। प्रत्येक वर्ष लाखों युवा स्नातक पास करते हैं तथा उनके लिए बैंकिंग, आईबीपीएस, नाबार्ड, एसबीआई, आरबीआई, एसएससी रेलवे, स्टेट लेवल एसएससी में लाखों की नौकरियों के लिए प्रत्येक वर्ष रिक्तियां की घोषणा की जाती है। 10+2,स्नातक, बीटेक पढ़ाई कर रहे युवा के लिए सर्कुलर रोड साईं टावर रांची स्थित एनआईबीएम में इन सभी रिक्तियों के लिए विशेष बैच हिंदी तथा अंग्रेजी माध्यम में 04 तथा 07 अप्रैल से प्रारंभ की जा रही है। इस संस्थान में पढ़ाई गई प्रश्न विभिन्न परीक्षाओं में लगभग हूबहु पूछे जाते हैं तथा यहां फ्री लाइब्रेरी रीडिंग रूम के साथ शिक्षकों के द्वारा प्रतिदिन नई पैटर्न पर पढ़ाई करवाई जाती है। संबंधित डाउट को प्रतिदिन क्लियर भी किया जाता है। निदेशक द्वारा चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित तथा सम्मान समारोह के दिन तैयारी कर रहे संस्थान के युवाओं को मोटिवेट किया जाता है। इच्छुक विद्यार्थी संस्थान के यूट्यूब , फेसबुक,वेबसाइट कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं।

## जय माता दी ग्रुप खलारी ने सरहुल शोभा यात्रा में किया शरबत वितरण



**रांची।** जय माता दी ग्रुप खलारी के द्वारा सरहुल शोभा यात्रा में शामिल लोगों के लिए केडी हिन्दु गढ़ी चौक पर शरबत का व्यवस्था किया गया था। ग्रुप के सदस्यों ने शोभा यात्रा में शामिल बड़ो एवं बच्चों को शरबत पिलाया। शरबत वितरण में सहयोग करने वालों में ग्रुप के मुन्ना देवी मारुति, संजय कुमार सिंह, दीपक पात्रा, दीपक प्रसाद, दीपक तिवारी, मनीष कुमार, जितेंद्र सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, सोनू पांडेय, कामेश्वर सिंह, अमरदीप रॉय, नागेंद्र प्रसाद सिन्हा, संजय कुमार विश्वकर्मा, सक्षम सिन्हा शामिल थे।

# नहाय-खाय के साथ महापर्व चैती छठ शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय चैती छठ पूजा की शुरूआत मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ। व्रतियों ने नहाए-खाए मे अरवा चावल, सेंधा नमक, चने की दाल, लौकी की सब्जी और आंवला की चटनी का भोजन किया। इसके साथ ही चार दिवसीय अनुष्ठान का संकल्प लिया। आज संध्या में खरना होगा। गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। शुक्रवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाएगा।

**छठ पूजा समिति की बैठक :** हटनिया तालाब प्रांगण में छठ महापर्व के आयोजन को लेकर भरतीय यूथ संगठन महा छठ पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राजेंद्र कुमार गोप ने की। श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले व विधि व्यवस्था पर चर्चा हुई।

# अंतिम मंगलवारी के मौके पर महाआरती का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी के जन्मोत्सव समारोह को लेकर अंतिम मंगलवारी के अवसर पर श्री महावीर मंडल रांची महानगर के द्वारा श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मेंनं रोड के प्रांगण में महाआरती का आयोजन किया गया। अंतिम मंगलवारी के दिन समिति के समस्त पदाधिकारी ने झारखंड के प्रतीक अंग वस्त्र को पहनकर महाबली के आरती में सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर श्री महावीर मंडल रांची महानगर के अध्यक्ष कुणाल अजमानी ने समस्त सनातन धर्म प्रेमियों को महाअष्टमी और महानवमी की शोभायात्रा में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया। महाआरती में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल रांची महानगर के संयोजक डॉक्टर दिलीप सोनी, सहसंयोजक श्यामानंद पांडे ,राजेश्वर राजन ,रोहित शारदा ,बादल सिंह, रोहित पांडे ,अमन सिंह ,रवि प्रकाश टुन्ना सहित अन्य समिति के सदस्य सम्मिलित हुए। ये जानकारी प्रवक्ता रोहित शारदा ने दी।

### अंतिम मंगलवारी पर अखाड़ों का हुआ स्वागत

रांची। अंतिम मंगलवारी श्री रामनवमी श्रृंगार समिति, रांची द्वारा प्राचीन महावीर मंदिर, महावीर चौक के प्रांगण में आने वाली सभी अखाड़ो का भव्य स्वागत किया गया। प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश अनुसार विभिन्न अखाड़ों ने अपने-अपने मंगलवारी जुलूस में अस्त्र-शस्त्र का भव्य प्रदर्शन किया। सभी राम भक्तों का रामनवमी श्रृंगार समिति ने अंग वस्त्र और पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में स्वागत के परंपरा को आगे बढ़ाते हुए संस्था के अध्यक्ष आतिश यादव, मंत्री मयंक गिरि, कार्यकारी अध्यक्ष निशांत सिन्हा, संयोजक शंकर सिन्हा, रिंकू वर्मा, मुन्ना शर्मा, कोषाध्यक्ष उत्कर्ष सहाय, मुख्य संरक्षक सागर वर्मा, सुनील यादव, मुख्य सलाहकार शंकर साहू, बबलू यादव, विष्णुदेव प्रसाद तथा निर्णायक समिति के अजय वर्मा एवं अन्य सम्मानित सदस्यों ने मिलकर कार्यक्रम का संचालन किया। यह जानकारी मंत्री मयंक गिरि ने दी।

# नारा ए तदबीर-अल्लाह हू अकबर का नारा लगाकर जानलेवा हमला किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बजरंग दल झारखंड के प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि झारखंड में एक बार फिर हिन्दुओं के धार्मिक जुलूस पर इस्लामिक जिहादियों द्वारा पथराव कर धार्मिक जुलूस पर रोड़ा अटकाने का कार्य किया गया है।

घटना कोडरमा जिला अंतर्गत चेचाई में होने वाले यज्ञ को लेकर भिक्षा के लिए सात गांव भ्रमण के लिए निकली महिलाओं के जत्थे पर छतरबर में नारा ए तदबीर-अल्लाह हू अकबर का नारा लगाकर जानलेवा हमला किया गया है। यह घटना मंगलवार की प्रातः 9:00 बजे की है। वहीं रांची जिले के हेठ बालू गांव में सरना जुलूस को भी जिहादी मुसलमानों ने वही नारा-नारा ए तदबीर-अल्लाह हू अकबर लगाकर जानलेवा हमला किया तथा सरना झंडे का अपमान करते हुए उसे फेंक दिया।

कई लोग इस हमले में गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने समस्त सनातन धर्मावलंबियों से आग्रह किया है कि ऐसे विछिप्त जिहादी मानसिकता वाले उपद्रवियों से हमेशा सतर्क रहें और उनका मुंह तोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहें अन्यथा ऐसे ही पीटते रहेंगे। अब भी वक्त है समय रहते सभी संगठित होकर अपने धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए कम से कम सप्ताह में एक नि‌ि्त दिन तथा नि‌ि्त समय पर एकत्र होकर चिंतन करें। साथ ही हेमंत सरकार इन सभी घटनाओं को तत्काल संज्ञान में लेकर कठोरतम कार्रवाई सुनि‌ि्त करें और सरकार के प्रति तथा कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास खोती सनातन धर्मावलंबियों का विश्वास प्राप्त करने के लिए साकारात्मक पहल करें।

# मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने की गणगौर पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने मंगलवार को गणगौर पूजा की। श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में सुबह 6.00 बजे से शुरू हुई गणगौर पूजा अपरा? 2.00 बजे तक अनवरत चलती रही। गणगौर मिलान एवं विसर्जन के लिए अपरा? 3.00 बजे से मारवाड़ी समाज की महिलाओं के आने का सिलसिला जो शुरू हुआ वो संध्या 6.00 बजे तक जारी रहा।

मंदिर परिसर में गणगौर मिलान एवं बड़ा तालाब में गणगौर विसर्जन घाट की व्यवस्था माहेश्वरी समाज के तीनों संगठन के सहयोग से सुचारू रूप से चला ।इस महोत्सव को सफल बनाने में निवर्त्तमान अध्यक्ष मुख्य संयोजक शिव शंकर साबू, प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार मारू रांची सभा अध्यक्ष किशन साबू ,सचिव नरेंद्र लखोटिया उपाध्यक्ष गोवर्धन भाला, महिला अध्यक्ष भारती चितलांगिया सचिव विमला फलोर, युवा अध्यक्ष विनय मंत्री सचिव हेमंत चितलांगिया, कुमुद लखोटिया शारदा लड्डा लक्ष्मी चितलांगिया,अर्चना साबू, बसंत लाखोटिया, श्याम सुन्दर पेड़ीवाल एवं समाज के तीनों संगठन के सदस्यों का सहयोग रहा।



## रोटरी क्लब ऑफ रांची ने चलाया टीकाकरण अभियान



**रांची।** रोटरी क्लब ऑफ रांची ने मंगलवार को एचपीवी निःशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। जिसमें 9 से 14 वर्ष की 30 बच्चियों को सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा विकसित वैक्सीन की पहली डोज दी गई। यह दो डोज वाला टीका है। जिसमें दूसरी डोज 6 महीने बाद दी जाएगी। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन गौरव बागरॉय ने कहा कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। लेकिन इसे समय पर टीकाकरण द्वारा रोका जा सकता है।

# फुरहुरा टोली में महायज्ञ को लेकर आज 1001 महिलाएं निकालेंगी कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बीआइटी मेसरा के फुरहुरा टोली में दो से छह अप्रैल तक श्री श्री आंजनेय प्राण प्रष्ठिा महायज्ञ शुरू होगा। यज्ञ को लेकर बुधवार सुबह छह बजे 1001 महिलाएं कलश यात्रा निकालेंगी। कलश यात्रा फुरहुरा टोली से शुरू होगी जो जुमार नदी से जल लेकर फिर वापस आयेंगी। इसी के साथ के यज्ञ का शुभारंभ होगा। यज्ञ का अनुष्ठान आचार्य मिथिलेश पांडे करेंगे। अध्यक्ष बिनोद कुमार महतो ने बताया कि इस कलश यात्रा आजसू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो भी भाग लेंगे। यज्ञ में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और सांसद आदित्य साहू भी भाग लेंगे। इस यज्ञ को सफल बनाने में बिनोद महतो, चंदन कुमार महतो, अजय कुमार महतो, सत्येंद्र महतो, बिरेंद्र महतो, कमलेश महतो, अरुण महतो, अनिल कुमार महतो, रमेश महतो व अन्य जुटे हुए हैं।



## सांसद मनोज तिवारी ने वास्तु बिहार में भूकंपरोधी मकान का किया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने सोमवार को रांची के बुकरू में वास्तु बिहार फेज-5 में आधुनिक तकनीक से बनी भूकंपरोधी मकान का किया उद्घाटन। इस दौरान वास्तु बिहार के सीइओ सार्थक तिवारी समेत कई लोगों ने मकान पर कई हथौड़े चलाये, लेकिन मकान के दीवारों पर खरोंच तक नहीं आया। मनोज तिवारी ने कहा कि मकान इतना मजबूत है कि दशकों तक टस-मस नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कम खर्च में बहुत हीं मजबूत घर बना रहा है वास्तु बिहार।

**मध्यम वर्ग और सेना के जवानों को दी जा रही रियायत :** सांसद ने बताया कि खासकर मध्यम वर्ग, सेना के जवानों के लिए काफी सहुलियत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वास्तु बिहार के डायनेमिक सीओ सार्थक तिवारी ने कंपनी में कुछ महीने पहले कदम रखा। उनका एकमात्र उद्देश्य है कम खर्च में विश्व के उन्नत और नई तकनीक से संपन्न घर लोगों को मिले।

**सीएमडी विनय तिवारी बोले-कई शहरों में आधुनिक कॉलोनी बनाएंगे :** वास्तु बिहार के सीएमडी विनय तिवारी ने कहा कि कम बजट में कंपनी मध्यम और गरीबों को घर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में कई शहरों में वास्तु बिहार आधुनिक कॉलोनी बसाएगा।

**हरदाग में भक्ति संगीत पर झूमे वास्तु बिहार के लोग :** बुकरू के बाद मनोज तिवारी ने रांची के हरदाग के वास्तु बिहार फेज-2 में सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नवरात्र पर मां के गीतों के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। अंत में जीय हो बिहार के लाला...गीतों पर लोग झूमते नजर आए। उन्होंने कहा कि झारखंड बहुत अच्छा राज्य है। यहां के लोग काफी सीधे और ईमानदार है। तिवारी ने कहा कि यहां आने अपना घर जैसा लगता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में हजारों लोग हुए शामिल।

# मार्च में सीसीएल से सेवानिवृत्त 85 कर्मियों को दी गयी विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन कर मार्च-2025 में सेवानिवृत्त हुए 85 कर्मियों को विदाई दी गई। इसमें मुख्यालय में कार्यरत ध्रुव नारायण दास एवं मोहम्मद शमीम भी शामिल रहे। समारोह में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र एवं निदेशक (तकनीकी/संचालन) सी.एस. तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में एक शॉट फिल्म भी दिखाई गई। इसमें सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यकाल की झलकियां, उनके अनुभव एवं योगदान को दशार्या गया। इस फिल्म में सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपनी कार्ययात्रा साझा करते हुए सीसीएल परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। कंपनी की निरंतर प्रगति की कामना की।

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्र ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मी हमारे संगठन की आधारशिला रहे हैं। वर्षों के कठिन परिश्रम, समर्पण और निष्ठा से उन्होंने सीसीएल को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आप सभी का योगदान अविस्मरणीय रहेगा। आपकी कार्यकुशलता और अनुभव ने इस संगठन को मजबूत किया है। सेवानिवृत्ति केवल एक औपचारिकता है, लेकिन आप सभी सीसीएल परिवार का अभिन्न अंग बने रहेंगे।

निदेशक (तकनीकी/ संचालन) सी. एस. तिवारी ने कहा कि मैं आज एक भावुक क्षण का साक्षी हूं, क्योंकि हमारे बीच से वे साथी सेवानिवृत्त हो रहे हैं जिनके साथ हमने दशकों तक कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। ध्रुव नारायण दास एवं मोहम्मद शमीम जैसे समर्पित कर्मियों का योगदान अमूल्य रहा है। आपकी मेहनत, प्रतिबद्धता और लगन ने कंपनी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आपकी नई यात्रा सुखद एवं समृद्ध हो। सेवानिवृत्त कर्मियों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद महाप्रबंधक (कल्याण) रेखा पांडेय ने किया।

## सरहुल की शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, दिखी आदिवासी संस्कृति की झलक

# प्रकृति के उपासक हैं सरना धर्मावलंबी : सुबोधकांत

- जमकर उड़े अबीर -गुलाल
- एक दूसरे को दी गई बधाई
- सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

खबरट मन्त्र संवाददाता


शोभायात्रा में शामिल महिलाएं।

**रातू ( रांची )।** सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष अमर उरांव की अगुआई में बड़काटोली अखरा से निकाली गयी शोभायात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इसमें पारंपरिक आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिली। तिलता के खोड़हेधारियों ने मनमोहक झांकी निकाली। एसबीएल सरना स्थल में पाहन ने इष्ट देवता को रंगुआ मुर्गे की बलि दी। इस बीच जमकर अबीर-गुलाल उड़े। लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी। सरहुल गीत-संगीत व नृत्य से माहौल गुंज उठा। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय बतौर मुख्य तथा अधिवक्ता हर्ष कुमार, कांग्रेस नेत्री यशस्विनी सहाय, पार्टी नेता अजय नाथ शाहदेव, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, पूर्व जिप सदस्य अक्लिमा खातून, पृथ्वीनाथ शाहदेव, झामुमो नेता धर्मेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि थे। श्री सहाय ने सरना धर्मावलंबियों को प्रकृति का उपासक बताया। वहीं, श्री शाहदेव ने समाज के युवाओं से पूर्वजों की विरासत को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। इसकी कमान थानेदार आरएन सिंह ने संभाली। लेकिन, बीडीओ व सीओ समेत प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी ड्यूटी से नदारत रहे।

### इन्होंने निभायी भूमिका

डॉ लक्ष्मण उरांव, सुखदेव उरांव, चारे भगत, विश्वनाथ उरांव, हुसे उरांव, देविया उरांव, छोटू उरांव, ज्योति भगत, रीता भगत, जयश्री उरांव, नगिया उरांव, सीमा उरांव, बिमल उरांव, तुलसी उरांव, रुक्मिणी एक्का, जितेश्वर मुंडा, आदित्य तिर्की, सोमनाथ उरांव, उषा तिर्की, कुशल उरांव, अनिल तिर्की, सविता तिर्की, मुकेश भगत, संजय उरांव, सुकरा उरांव, सुशांत तिर्की, मकसुदन तिग्गा, मनीष मुंडा, शैलेंद्र मुंडा, सुमित उरांव, फूलकुमारी देवी, शिवपूजन साहू, जेएन पांडेय व राणा सिंह आदि।

### सिमलिया में सरहुल मिलन महोत्सव

सिमलिया जमहरिया मैदान में आदिवासी सरना विकास समिति ने 12 पड़हा सरहुल मिलन महोत्सव का आयोजन किया। वहीं, तिगरा 5 पड़हा कला संस्कृति भवन, मुख्यालय, हुरहुरी और मलमाडू से भी सरहुल जुलूस निकाला गया। जबकि, कमड़े से सिरमटोली तक शोभायात्रा निकली। काठीटांड़ चौक में झारखंड सांस्कृतिक युवा मंच समेत अन्य संगठनों ने पेयजल, चना व गुड़ बांटे। वहीं, सीएचसी की ओर से चलंत चिकित्सा की व्यवस्था थी।

### लहना में सरहुल मिलन समारोह आज

लहना में पंचायत स्तरीय सरहुल मिलन समारोह बुधवार को आयोजित किया जायेगा। मखमंदरो बाजारटांड़ में खोड़हेधारियों का जुटान होगा। वहां से बेलांगी स्टेडियम तक शोभायात्रा निकाली जायेगी। शाम 5 बजे तक गीत, संगीत और नृत्य का दौर चलेगा। यह जानकारी विश्राम उरांव और महावीर विश्वकर्मा ने मंगलवार की शाम पत्रकारों को दी।

## खबर एक नजर में

### नहाय-खाय के साथ चैती छठ महापर्व शुरू

**इटकी।** प्रखंड क्षेत्र में नहाय-खाय के साथ ही चार दिवसीय चैती छठ महापर्व मंगलवार को शुरू हुआ। महापर्व का समापन 4 अप्रैल को उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ देने के साथ होगा। नहाय खाय अनुष्ठान के दौरान छठ व्रतधारियों ने अरवा चावल का भात, चना दाल व कद्दू की सब्जी का ग्रहण किया। इससे पूर्व सूर्य की पूजा अर्चना की गई। 2 अप्रैल को खरना, 3 को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ व 4 अप्रैल को उदीयमान सूर्य को अर्घ दिया जाएगा।

### विहिप, बजरंग दल ने किया चना-गुड़ का वितरण



खलारी। विहिप सह बजरंग दल खलारी के कार्यकताओं ने केडी हिन्दुगढ़ी चौक पर सरहुल शोभा यात्रा में शामिल लोगों के बीच चना गुड़ का वितरण किया। मौके पर पहुंचे विधायक सुरेश कुमार बैठा भी चना गुड़ वितरण में शामिल हुए। इस दौरान काफी संख्या में महिला पुरूषों एवं बच्चों के बीच चना गुड़ का वितरण किया गया। इस मौके प्रताप यादव, दीपक बहादुर, मुकेश यादव, शशि तुरी, श्याम लोहार, अमर कुमार, रोशन सोनी, टाइगर, संजीत महतो, अभिषेक सिंह, सोनू तूरी, अक्षम, दृश्य, रवि तूरी, अनिकेत सोनी, प्रवीण कुमार, आकाश ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### ओरमांझी में मंगलवारी जुलूस शामिल हुई महिलाएं



**ओरमांझी।** पूजा समिति ओरमांझी द्वारा रामनवमी की अवसर पर ओरमांझी में भव्य मंगलवारी जुलूस निकाली गई। अंतिम मंगलवारी जुलूस में तलवार, भाला व झंडा लिए काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई थी। डीजे व ढोल बाजे के साथ निकली रामनवमी जुलूस में भगवा झंडा लिए शामिल लोग जय श्रीराम व हनुमान की जकारा लगा रही थें। जुलूस दुर्गा महादेव मंदिर परिसर से निकली व एनएच-20 रांची रामगढ़ रोड़ से शंकर चैक होते हुए बाजर टांड़ पहुंची। वहां से काली मंदिर परिसर व विभिन्न चैक चैराहों में जुलूस में तलवार व भाला लिए लोग शस्त्र चालन का प्रदर्शन कर रहे थें। वहीं श्रीराम जी की निकली सवार सहित विभि भक्ति गानों के साथ उत्सहित लोग झुम रहे थें। जुलूस में मुखिया सचिव दीपक बड़ाईक, प्रो. रामकुमार महतो, दुर्गाशंकर साहू, पूजा समिति के सदस्या के साथ संख्या में महिला व ग्रामीण शामिल थें।

### नहाय-खाय के साथ चैती छठ शुरू, खरना आज

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। पहले दिन छठ व्रत करने वाले पुरुषों और महिलाओं ने अंत :करण की शुद्धि के लिए पवित्र जलाशयों में स्नान कर अरवा चावल,चना दाल, कद्दू और सेंधा नमक से बने खाने को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। इस दौरान व्रतियों के घर दोपहर बाद प्रसाद खाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। वहीं दूसरे दिन बुधवार को खरना पूजा होगी। जिसमें छठव्रती शाम में स्नान करने के बाद पूरे नेम निष्ठा व विधि-विधान से अरवा चावल,दूध और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद तैयार करेंगे।इसके बाद भगवान सूर्य की आराधना कर प्रसाद ग्रहण करेंगे।इसके बाद छठव्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा। वहीं गुरुवार को श्रद्धालु अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। जबकि शुक्रवार की सुबह छठव्रती उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसके बाद पारण करेंगे।

### वनकर्मियों से मारपिट करने वाले फरार आरोपी मुबारक अंसारी धराया, जेल गया

**ओरमांझी।** फोरेस्ट कर्मियों से मारपिट कर फरार आरोपी कुटे निवासी स्व. सुभान अंसारी का बेटा मुबारक अंसारी को ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा चार वर्ष बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया गया कि मुबारक अंसारी लकड़ी माफिया है, और अपने कुछ साथियों के साथ ओरमांझी प्रखंड के विभिन्न जंगल की चोरी छिपे लकड़ी काट बिक्री कर देता था। छह सितंबर 2020 को भी मुबारक अंसारी व अन्य लोग मिलकर कुच्चू जंगल की पेड काट कर बिक्री करने के लिए ले जाने वाले थें। जिसकी सूचना वन विभाग को मिल गई। फोरेस्टर कुछ वनरक्षी को लेकर घटना स्थल पहुंचें, और जंगल में पड़े कटे पेड़ के बोटा को जब्ती की कार्रवायी करने लगे। तभी मुबारक अंसारी व अन्य लोगों ने वन कर्मियों से उलझ गए। गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया तो सभी आरोपियों ने वनकर्मियों की ही पिटाई कर दी। बाद में ओरमांझी थाना में वन अधिनियम कानून के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों को धरपकड़ की कार्रवायी करने पर कई पकड़े गए वही कुछ लोग सरेंडर कर दिए थें। वहीं मुबाकर अंसारी फरार हो गया था। थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने कहा अपराध करने के बाद फरार होने से कोई कानून से बच नही सकता है। भले ही देर हो, अपराधियों को कानून सजा जरूर देती है।

### दो पक्षों के बीच मामूली विवाद मे खूनी संघर्ष



**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के हेठ बालू ग्राम में आज शाम दो पक्षों के बीच मामूली विवाद खूनी संघर्ष का रूप ले लिया और खूब पत्थरबाजी और लाठियां चली जिससे दोनों पक्ष के लगभग दर्जनों लोग घायल हो गए घायलों में औरतें और बच्चिया भी शामिल है। इस संबंध में जानकारी के अनुसार हेठ बालु ग्राम के आदिवासी समाज के लोग आज अपने सरहुल जुलूस को लेकर सरना स्थान पर गए जहां पारंपरिक पूजा करने के पश्चात शाम जुलूस के माध्यम से अपने घर लौट रहे थे उसी क्रम में जुलूस में शामिल डीजे साउंड दूसरे समुदाय के झंडे पर सट जाने से उत्पन्न विवाद खूनी संघर्ष का रूप ले लिया और देखते ही देखते दोनों तरफ से जमकर पत्थर बाजी और मारपीट शुरू हो गई । मामले की सूचना पाकर पिथोरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंच दोनों पक्ष के लोगों को समझा बुझाने का अथक प्रयास किया तत्पश्चात मामला शांत हुआ फिर भी पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल व्याप्त है। क्षेत्र के लोग काफी दहशत में है एहतियात के तौर पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती गांव में कर दी गई है ताकि कोई अप्रिय घटना ना हो। साथ ही साथ पुलिस झूठी अफवाह न फैलाने का आग्रह भी लोगों से किया गया है।

### अनगड़ा में सरहूल का त्योहार हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में सम्पन्न

**अनगड़ा।** प्रखंड के विभिन्न इलाकों गेतलसूद महेशपूर सिरका जानूम अनगड़ा हाहे बेड़वारी इत्यादि जगहों में प्राकृतिक पर्व सरहूल का त्यौहार हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया। इस मौके पर सरना धर्मावलम्बियों ने विभिन्न सरना स्थलों में पूजा अर्चना की। पाहनों के द्वारा सरना माता से अच्छी वर्षा होने की कामना की। पारम्परिक ड्रेस और वेष भूसा में ढोल और नगाड़ों की थाप पर लोगों ने खूब रिझ रंग मनाए। अनगड़ा मुख्यालय के आसपास के गांवों के सरना स्थलों पर पूजा अर्चना के बाद सभी सरना जुलुस प्रखंड मुख्यालय मैदान पहुंचे जहां केन्द्रीय सरना समिति की ओर से जुलुस का स्वागत किया गया और जुलुस में शामिल लोगों को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। यहां पईका नृत्य दल के द्वारा पईका नृत्य का भी प्रदर्शन किया गया। ग्राम प्रधान लोक नाथ पहान मुन्ना मुन्डा इत्यादि ने जूलुस का नेतृत्व किया।

### मुस्लिम समुदायों ने सरहुल पर्व में बाटे ठंडा पानी व शरबत

खलारी। खलारी प्रखण्ड अंतर्गत सरहुल पर्व के भव्य शोभायात्रा के दौरान मुस्लिम समुदायों के द्वारा ठंडा पानी व सरबत का व्यवस्था किया गया। मुस्लिम समुदायों के द्वारा पर्व में एकता परिचय दिया। इस कार्य में खालिद अंसारी, अरशद( मंटू ) अंसारी, अफरीदी, पिंस खान, अख्तर अली, चांद अंसारी, अशरफ अली, अरशद अंसारी, मोनू खान, दानिश अंसारी, तालीम खान, जावेद खान, अरमान अली, अमूल खान, वसीम अंसारी, आरिफ, पप्पू अंसारी, वारिश अंसारी, रेहान अंसारी, अफजल अंसारी, जॉनी राजा, साबिर अंसारी, इरफान खान सहित अन्य मौजद थे।

### पेड़ काटने के दौरान महिला पर गिरा डाली मौत

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के बांधडीह गांव में लकड़ी माफिया ने अवैध पेड़ कटाई के दौरान एक महिला की जान ले ली है।घटना के संबंध में बताया जाता है कि 23 मार्च 2025 रविवार दोपहर को बांधडीह गांव निवासी 60 वर्षीय यशोदा देवी तलाब में स्नान कर रही थी। वहीं पर अवैध पेड़ कटाई लकड़ी माफिया मोहन महतो पतराटोली पुरूलिया पं0 बंगाल के द्वारा कराया जा रहा था। लकड़ी माफिया मजदूर लगाकर पेड़ कटाई करा रहा था। अचानक एक अर्जुन का पेड़ महिला के ऊपर गिरा। महिला के ऊपर पेड़ गिरते ही अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने बहुत मशक्कत के बाद महिला के ऊपर गिरा पेड़ को हटाया तब तक महिला बुरी तरह जख़्मी हो चुकी थी। गंभीर रूप से घायल महिला को आनन-फानन बेहतर ईलाज के लिए सिंगपुर नरसिंह होम मुरी में भर्ती कराया गया।ईलाज के क्रम में 1 अप्रैल मंगलवार की सुबह महिला की मौत हो गई। परिजनों ने इस घटना की सूचना तीन दिन पूर्व सोनाहातू थाना को लिखित आवेदन देकर कारवाई करने की मांग की थी।जब महिला की मौत हुई तो शव को परिजनों ने अस्पताल से सोनाहातु थाना लाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा। मृतक के परिजनों ने घटना को लेकर थाना में मामला दर्ज किया गया है। इधर ग्रामीण घटना को लेकर आक्रोशित हैं।

## प्रकृति की आराधना कर मांगी सुख समृद्धि, निकाली गयी शोभायात्रा

खबरट मन्त्र संवाददाता



**राहे।** प्रकृति पर्व सरहुल के मौके पर मंगलवार को राहे प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव का आयोजन कटियाडीह गांव में किया गया। पाहन शिवनाथ मुंडा, दिलीप मुंडा ओर मुची राम मुंडा ने विधिवत सिंगा-बोंगा की पूजन किये।सरना समिति के तत्वावधान में प्रखंड के सभी नौ पंचायत के सरना समिति के सांस्कृतिक दल उपस्थित होकर भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा कटियाडीह से शुरू होकर नावागांव, पाठकडीह, सुभाष चौक राहे होते हुए भगतसिंह चौक गोमदा पहुँची। शोभायात्रा पुनः काटियाडीह वापस लौटी। शोभायात्रा में एक दूसरे को गुलाल लगा कर त्यौहार की बधाई दी गई। आदिवासी समुदाय के लोग पारंपरिक परिधान में ढोल नगाड़ों के थाप में नृत्य करते हुये झारखंडी लोक संस्कृति का जीवंत झांकी प्रस्तुत किया। महोत्सव में प्रखंड के सभी मुखिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शोभायात्रा में काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बजरंग बली मंदिर का 10वां वर्षगांठ धूमधाम से मना

खबरट मन्त्र संवाददाता


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के भसनंदा गांव के टंगरा स्थित बजरंग बली मंदिर का दो दिवसीय 10वें वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर पूरे गांव की परिक्रमा करते हुए बारीडीह गांव स्थित मसरी बेड़ा नदी पहुंची। जहां पुजारी किशोर पाठक ने यजमान पुना मुंडा सपत्नी अनिता देवी को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां गंगा का आवाहन कर विधिवत रूप से मां गंगा की पूजा अर्चना की तथा कलश लेकर पहुंचे महिलाओं के कलश में गंगाजल उठाया। जिसके बाद कलश यात्रा वापस मंदिर परिसर पहुंचा जहां कलश स्थापना की गई। इधर कलश यात्रा के बाद पुजारी ने यजमान को बजरंगबली की विशेष पूजा अर्चना कराई। जहां उन्होंने गौरी गणेश की पूजन, नवग्रह पूजन, षोडश मातृका पूजन समेत कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। इधर बजरंगबली हनुमान मंदिर के दसवां वर्षगांठ के मौके पर पूजा अर्चना के बाद 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम में डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार,लीला मुंडा, कालीचरण लोहरा, संतोष स्वांसी शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोमरा मुंडा,घासी मुंडा, गंदुरा मुंडा,पवन मुंडा,माया मुंडा मंगरा मुंडा,सुकरा मुंडा समेत ग्राम वासियों ने सराहनीय योगदान दिया।

## आदिवासी विकास का बाधक नहीं: बंधू तिर्की

खबरट मन्त्र संवाददाता

### सरहुल शोभा यात्रा का भव्य आयोजन



**चान्हो/मांडर।** क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में मंगलवार को सरहुल शोभा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के लगभग सभी हिस्सों में बड़ी संख्या में अलग-अलग गांव के पारंपरिक गीत नृत्य के साथ सरहुल शोभा यात्रा में शामिल हुए। मांडर में आयोजित सरहुल की शोभा यात्रा में करगे, मलती ,चटवल , मुड़मा, पुंगी, कंजिया सहित कई स्थानों से पारंपरिक गाजे बाजे के साथ सरना धर्मावलंबी के लोग इस जुलूस में शामिल हुए। वहीँ चान्हो में 21 पड़हा सरहुल पूजा समिति तरंगा नावाघर में आयोजित जुलुस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह प्रकृति पर्व हमें आज भी प्रकृति के करीब रहने की संदेश देता है। आपसी भाईचारा की एकता प्रेम और सौहार्द का संदेश देने वाला सरहुल का एक अलग ही पहचान है। जो सदियों से चली आ रही है। आगे उन्होंने कहा कि आदिवासी विकास का बाधक नहीं है। प्रकृति को बचाते हुए विकास करना चाहिए। उन्होंने पढ़ाई पर विशेष जोर दिया। खोड़हा के साथ उन्होंने सरहुल गीत गाया और पारंपरिक नृत्य भी किया। मुड़मा चौक पर रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद के द्वारा सरहुल शोभा यात्रा में शामिल लोगों के स्वागत के लिए स्टॉल भी लगाया गया था। चान्हो प्रखण्ड के सोंस में सरहुल शोभायात्रा में शामिल भक्तो के लिए पानी चना गुड़ का वितरण यंग मुस्लिम कमेटी के सदस्यों ने चना, पानी और गुड का वितरण किया।

## इटकी में ईद मिलन समारोह



खबरट मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** नौजवान कमिटी के तत्वाधान में मंगलवार को इटकी बाजारटांड़ प्रांगण में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। ईद मिलन समारोह में सभी धर्म सम्प्रदाय के लोग शामिल हुए। मीठी सेवइयां ग्रहण कर आपसी प्रेम भाईचारे का संदेश दिया। ईद मिलान समारोह में इटकी थाना प्रभारी मनीष कुमार, उप प्रमुख राजा परवेज, पूर्व जिप सदस्य सह हिन्दू जागरण समिति के संरक्षक लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष भोला उरांव, रांची जिला ग्रामीण महावीर मंडल के अध्यक्ष अजित केशरी, अध्यक्ष अफसर इमाम, अकील अहमद, सेक्रेटरी अल्हाज मोइनुद्दीन, नायब सदर इमबेशाद आलम , नायब सेक्रेटरी, तफजूल हुसैन, तस्लीम अंसारी, मो रकीब, नायब सदर मो अफरोज, नायब सेक्रेटरी सज्जाद हुसैन, संरक्षक मो मंसूर, एसआई सुमित दास, बबलू हासमी सहित नौजवान कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

## राम भक्तों ने निकाला अंतिम मंगलवारी पर भव्य जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के तत्वावधान में मंगलवार को रामनवमी को लेकर अंतिम मंगलवारी जुलूस निकाला गया। जुलूस ऐतिहासिक झंडा मिलन स्थल कारगिल चौक से राम भक्तों के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर निकाला गया। जो कारगिल चौक से शुरू होकर मंगलवारी जुलूस देवी मंडप चौक, बाजार टांड़ व जिला परिषद स्थानों का भ्रमणकर महावीर चौक स्थित बजरंग बली मंदिर पहुंच कर संपन्न हुआ। जहां रामभक्तों द्वारा बजरंग बली का झंडा लगाया गया। इस दौरान भक्तों के जयश्री राम व जय हनुमान के गगनभेदी जयघोष से पूरा प्रखंड मुख्यालय गुंजायमान रहा। जुलूस का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष शशि टाइगर यादव ने किया। जुलूस में हरिचरण महतो, सत्यनारायण साहू, ज्वाला सिंह, धीरज कुमार, विकास सोनी, प्रेम महतो, दीपक सिंह यादव, लक्ष्मी गुप्ता, अपूर्व खन्ना, सुरजीत भगत, ब्रजेश गुप्ता व सतवीर लाल खन्ना समेत सैकड़ों रामभक्तों ने सराहनीय योगदान दिया।

## खलारी प्रखंड क्षेत्र में प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम के साथ भव्य शोभायात्रा निकला

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** खलारी प्रखण्ड क्षेत्र में प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न सरना स्थलों पर पाहनों के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। प्रखण्ड के सरहुल कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांके विधायक सुरेश बैठा मौजूद थे। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सरना स्थलों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान महावीर नगर के कमाती धौड़ा स्थित सरना स्थल पर पहान विनोद मुंडा के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। उसके बाद पाहन ने सभी लोगों को फुलखोंसी किया। पूजन के बाद सभी महिलाओं और पुरुषों ने अपने परंपरिक वेशभूषा एवं नगाड़े व मांदर के साथ शोभायात्रा निकाली। यह शोभा यात्रा महावीर नगर से केडी मुख्य बाजार होते हुए केडी अंबेडकर चौक तक गया। वहीं इस दौरान खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जय दीप टोप्पो शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में सभी लोग अबीर गुलाल लगाकर नाचते गाते हुए चल रहे थे। मांदर की थाप पर लोगों ने जमकर नृत्य किया।

## सरना स्थल पर पूजा कर सरहुल उत्सव का आयोजन

# प्रकृति पर्व सरहुल के संदेश को समझने की जरूरत

खबरट मन्त्र संवाददाता


सरहुल पूजा करते पाहन के साथ अतिथि आदि।

**ओरमांझी।** प्रकृति पर्व सरहुल प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। वहीं विभिन्न सरना आदिवासी समितियों द्वारा सरना स्थल में विधिवत पूजा कर ढोल-नगाड़े की थाप पर समुहिक नृत्या कर सरहुल उत्सव मनाया गया। युवा आदिवासी सरना समिति ओरमांझी द्वारा आयोजित सरहुल पूजा कार्यक्रम में बाजार टांड ओरमांझी से बाजे-गाजे के साथ सरना स्थल गांगुटोली सरना स्थल पहुंचे। वहीं ढोल-नागाड़े के साथ गांगुटोली से भी लोग सामुहिक रूप से झुमते सरना स्थल पहुंचे। दो गांव के लोगां ने मिलकर झुमर नृत्य कर उत्सव मनाया। वहीं उपाषक अनिल पाहन व पुरू पहान द्वारा पूजा किया गया। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को समिति द्वारा सखुआ फुल व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं पूजा में महिलाओं के साथ युवतियां व छोटी बच्चियां भी लाल पाढ साड़ी पहनकर पहुंची थी। सभी ढोल नगाड़े की थाप पर सामुहिक रूप से झुमर नृत्य कर रहे थें। बाद में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल महिलाएं व युवतियां भी झुमर नृत्य कर रही थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने कहा प्रकृति पर्व सरहुल समाज को रिझ-रंग व नृत्य करने के साथ हमें प्रकृति को संरक्षित रखने का भी संदश देती है। हमें सरहुल पर्व की महत्व को गहराई से जानने व इसके पिछे पुर्वजों द्वारा दिए संदेश व दिखाए मार्ग पर चलने की भी जरूरत है। इससे पूर्व पाहन व उपवास द्वारा सोमवार को मछली व केकड़ा पकड़ने की परंपरा निभाई थी। वहीं मंगलवार को पूजा सथल में नए फल-फूल व सब्जियों को अपने भगवान (सिंग बोगा) को अर्पित किया। पइं भरा परंपरा में घड़े में पानी भरकर सरना स्थल में धूप-धुवन कर विधिवत पारंपरिक पूजा की गई। वहीं पहान द्वारा घड़े में भरे जल को देखर इस वर्ष अच्छी वर्षा होने की भविष्यवाणी की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया दीपक बड़ाईक, पंसस ललिता मेहता, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहरा, काली पूजा समिति ओरमांझी के अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव श्यामकिशोर महतो, युवा आदिवासी सरना समिति के अध्यक्ष योगेंद्र मुंडा, संतोष कुशवाहा, सौरव कुमार विक्की, धीरज नायक, अनुप महतो, विकास मुंडा, जगेश्वर मुंडा, प्रकाश मुंडा, कंचन देवी, गुड़िया देवी, मीना देवी, विलासो देवी, प्रिति देवी, मंजु देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थें।

## ओरमांझी के आनंदी में सरहुल पूजा मिलन समारोह

# सरहुल आदिवासी समाज की सभ्यता का परिचायक है

खबरट मन्त्र संवाददाता


सामुहिक नृत्य में शामिल हो नृत्य करते अतिथि आदि।

**ओरमांझी।** सरना पूजा समिति आनंदी ओरमांझी द्वारा सरहुल के अवसर पर मंगलवार को सरहुल पूजा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आसपास गांव से पारंपरिक वेश-भूसा में पहुंचे महिला व युवतियां द्वारा सरना स्थल पर ढोल नगाड़े की थाप पर झुमर नृत्य किया गया। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को पगड़ी बांधकर स्वागत की गई। वहीं अतिथियों ने नृत्य मंडलियों के साथ समुहिक नृत्य कर प्रकृति पर्व सरहुल उत्सव मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कहा धरती में प्रकृति से बड़ा दूसरा कोई पालन हार नही है। प्रकृति पर्व सरहुल आदिवासी सभ्यता व अस्मिता का परिचायक है। आदिवासी समाज हमेशा से विचारों का धनी रहा है। आदिवासी समाज को प्रकृति का संरक्षक व सामूहिकता में विश्वास रखने वाली समाज के तौर पर जाना जाता है। आदिवासी समाज प्रकृति को दोहन नही संरक्षण का कार्य करती है। उन्होने समाज को लोगों से अपनी पुरखों की विचारधारा से जुड़े रहने का आहवान किया। वहीं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, जिप सदस्य सरिता देवी, पंसस शषि मिश्रा, मानकी राजेंद्र शाही अंजित कुमार ने संबोधित किया और लोगों को सरहुन पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिय पार्वती देवी, उपमुखिया बनवारीलाल साहू, मुख्य संरक्षक नंदकिशोर मुंडा, सहित आयोजन समिति के पदाधिकरी व ग्रामीण उपस्थित थें।

